प्रेस विज्ञप्ति

शिक्षण संस्थान में यातायात शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम

दिनांक:-01.10.2025

श्रीमान ओम प्रकाश पुलिस आयुक्त जोधपुर के निर्देशानुसार श्री शहीन सी. पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात जोधपुर के सुपरविजन में श्री दुर्गाराम चौधरी अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात जोधपुर में के नेतृत्व में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंति पर उन्हें श्रद्धांजली देने के लिए यातायात जागरूकता कार्यक्रम के तहत अक्षपाद् महर्षि गौतम सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, वायु विहार झालामण्ड जोधपुर में श्री हनुमानसिंह हैडकानि मय यातायात शिक्षा टीम द्वारा यातायात शिक्षा मोबाईल वैन के माध्यम से यातायात नियमों की पीपीटी तथा हेलमेट लघु फिल्म दिखाकर यातायात शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विद्यार्थियों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी देते हुए सड़क दुर्घटनाऐं व इनसे होने वाली मौतों के ऑकड़े बताते हुए इसमें कमी लाने हेतु समझाईश के साथ पूर्ण पालना करने की अपील की गई। नाबालिग विद्यार्थियों को बालिग होने तक वाहन नहीं चलाने की समझाईश की गई तथा हेलमेट पहनने, सीटबेल्ट लगाने, निर्धारित गति से तेज नहीं चलाने, वाहन चलाते समय मोबाईल पर बात नहीं करने, गलत दिशा में वाहन नही चलाने, नशा करके वाहन नहीं चलाने हेतु प्रेरित किया व यातायात नियमों के पेम्पलेट वितरित किये गये।

सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तुरन्त अस्पताल पहुंचाने व त्वरित मदद करने वाले गुड सेमेरिटन (अच्छे मददगार) के माननीय उच्चतम न्यायालय के दिशा–निर्देशों एवं ''मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना'' के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अन्त में संस्था प्रधान श्रीमती विजयलक्ष्मी जोशी द्वारा यातायात नियमों की पूर्ण पालना करने का विश्वास दिलाते हुए यातायात पुलिस का धन्यवाद ज्ञापित किया।

(दुर्गाराम चौधरी)
अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त
यातायात आयुक्तालय जोधपुर